एक नजर में

नेट-जेआरएफ में चयनित विद्यार्थी सम्मानित

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत एवं प्राकृत भाषा विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय व्याख्यान का शनिवार को समापन हो गया। श्री कामेश्वरनाथ दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. सर्वनारायण झा और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के अध्यक्ष प्रो. मदन पाठक ने विचार रखे। संस्कृत में नेट जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण आठ विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। (जासं)

दो नकलची पकड़े गए

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक परीक्षाओं में शनिवार को सतर्क दल ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। सुबह की पाली में दो परीक्षार्थी नकल सामग्री के साथ पकड़े गए। उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षाओं में 10,238 परीक्षार्थी शामिल हुए। (जासं)

विद्यार्थियों को बनाएं सक्षम

लखनऊ : लवि के विधि संकाय ने एलएलबी इंटीग्रेटेड प्रोग्राम में नवाचार लाने के लिए शनिवार को बैठक हुई। विधि संकायाध्यक्ष प्रो. सीपी सिंह, एलएलबी इंटीग्रेटेड प्रोग्राम की कोआर्डिनेटर प्रो. विनीता कपूर व छिटी कोआर्डिनेटर अभिषेक तिवारी ने तय किया कि विद्यार्थियों को सामाजिक एवं विधिक पहलुओं की वास्तविक वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए सक्षम बनाया जाए। (जासं)

तकनीकी दक्षता पर जोर

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के मानव विकास संसाधन केंद्र में सात दिवसीय संगोष्ठी में शनिवार को अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने शिक्षकों की तकनीकी दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया। प्रो. टंडन ने बताया कि शिक्षक और छात्रों के बिगड़े अनुपात को शीघ्र ठीक करने की आवश्यकता है। (जासं)

JAGRAN CITY PAGE I & III

स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 से

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया परीक्षा कार्यक्रम

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में स्नातक (बीए, बीएससी, बीकाम) प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 मार्च से शुरू होंगी। ये परीक्षाएं 28 अप्रैल को समाप्त होंगी। विश्वविद्यालय ने शनिवार को इसका विस्तृत कार्यक्रम वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जारी कर दिया। छात्र-छात्राएं वेबसाइट से इसे डाउनलोड कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं में पहली बार सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई और रायबरेली जिले के सम्बद्ध तीन सौ से अधिक महाविद्यालयों के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। ऐसे में लखनऊ व चारों जिले मिलाकर करीब सवा लाख विद्यार्थी परीक्षाओं के लिए पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि यदि परीक्षा कार्यक्रम में किसी भी तिथि को लेकर कोई आपत्ति है तो वह परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दर्ज करा सकता है, ताकि समयानुसार उसका समाधान किया जा सके।

ये है परीक्षा कार्यक्रम

बीए प्रथम सेमेस्टर

- **29 मार्च :** फ्रेंच, फंक्शनल संस्कृत, उर्दू, संस्कृत, पाली-1 (मेजर, माइनर), 30 मार्च : फ्रेंच, फंक्शनल संस्कृत, उर्दू, संस्कृत, पाली (मेजर, माइनर)-2, 31 मार्च : इकोनामिक्स, ज्योतिर्विज्ञान, लिंग्विस्टिक, पर्शियन-1 (मेजर, माइनर), एक अप्रैल : इकोनामिक्स, ज्योतिर्विज्ञान, लिंग्विस्टिक, पर्शियन-2, दो अप्रैल : इंग्लिश, फंक्शनल इंग्लिश, बुद्धिस्ट-1 (मेजर, माइनर), चार अप्रैल : इंग्लिश, फंक्शनल इंग्लिश, बुद्धिस्ट-2, पांच अप्रैल : जाग्राफी, होम साइंस, फिजिकल एजुकेशन-1 (मेजर, माइनर), छह अप्रैल : जाग्राफी, होम साइंस, फिजिकल एजुकेशन-2, सात अप्रैल : सोशल वर्क, सोशियोलाजी, एंथ्रोपालाजी-1 (मेजर, माइनर), आठ अप्रैल : हिंदी, फंक्शनल हिंदी-1 (मेजर, माइनर), नौ अप्रैल : सोशल वर्क, सोशियोलाजी, एंथ्रोपालाजी-2, 11 अप्रैल : हिंदी, फंक्शनल हिंदी-2, 12 अप्रैल : एआइएच, एमआइएच, एशियन कल्चर, अरब कल्चर, अरेबिक, मैथमैटिक्स-1 (मेजर, माइनर), 13 अप्रैल : एजुकेशन, साइकोलाजी-1 (मेजर, माइनर), 16 अप्रैल : एआइएच, एमआइएच, एशियन कल्चर, अरब कल्चर, अरेबिक, मैथमैटिक्स-2, 18 अप्रैल : एजुकेशन, साइकोलाजी-2, 19 अप्रैल : डिफेंस स्टडीज, पालिटिकल साइंस, टीटीएम, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन-1 (मेजर, माइनर), 20 अप्रैल : पालिटिकल साइंस, टीटीएम, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन-2, 21 अप्रैल : फिलासफी, स्टेटिस्टिक्स-1 (मेजर, माइनर), 22 अप्रैल : फिलासफी, स्टेटिस्टिक्स-2, 23 अप्रैल : म्यूजिक, म्यूजिक (इंस्ट्रूमेंटल), म्यूजिक वोकल-1 (मेजर, माइनर), 25 अप्रैल : म्यूजिक, म्यूजिक (इंस्ट्रूमेंटल), म्यूजिक वोकल-2, 26 अप्रैल : ड्रइंग एंड पेंटिंग-पेपर 1 (मेजर, माइनर), 27 अप्रैल : ड्राइंग एंड पेंटिंग-2,, 28 अप्रैल : को-करिकुलर।

बीएससी प्रथम सेमेस्टर

- **29 मार्च :** जियोलाजी-1, 31 मार्च : जियोलाजी-2, दो अप्रैल : केमिस्ट्री, स्टेटिस्टिक्स-1, पांच अप्रैल : केमिस्ट्री, स्टेटिस्टिक्स-2, सात अप्रैल : फिजिक्स, एंथ्रोपालाजी, जेनेटिक्स एंड जिनोमिक्स-1, नौ अप्रैल : फिजिक्स, एंथ्रोपालाजी, जेनेटिक्स एंड जिनोमिक्स-2, 12 अप्रैल : जूलाजी, मैथमैटिक्स-1, 16 अप्रैल : जूलाजी, मैथमैटिक्स-2, 19 अप्रैल : बाटनी, एंथ्रोपालाजी, कंप्यूटर साइंस-1, 21 अप्रैल : बाटनी, एंथ्रोपालाजी, कंप्यूटर साइंस-2

बीएससी होम साइंस प्रथम सेमेस्टर

- **29 मार्च :** फंडामेंटल्स आफ फूड्स एंड न्यूट्रिशन न्यूट्रिशनल बायोकेमिस्ट्री, 31 मार्च : ह्यूमन फिजियोलाजी, दो अप्रैल : फंडामेंटल्स आफ ह्यूमन डेवलपमेंट, पांच अप्रैल : फंडामेंटल्स आफ एक्सटेंशन एजुकेशन, सात अप्रैल : फंडामेंटल्स आफ टेक्सटाइल, नौ अप्रैल : फंडामेंटल्स आफ फैमिली रिसोर्स मैनेजमेंट

बीकाम प्रथम सेमेस्टर

- **30 मार्च :** फाइनेंशियल अकाउंटिंग-1, एक अप्रैल : बिजनेस आर्गेनाइजेशन-2, चार अप्रैल : माइक्रो इकोनामिक्स-कांसेप्ट, कंजम्पशन एंड प्रोडक्शन-3, छह अप्रैल : करेंसी, बैंकिंग एंड एक्सचेंज-4, आठ अप्रैल : एसेंशियल आफ मैनेजमेंट-5, 11 अप्रैल : बिजनेस कम्युनिकेशन।

319 अभ्यर्थियों ने भरी खाते की गलत सूचना

जासं लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने अब संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021-23 की मुख्य काउंसलिंग में शामिल 319 ऐसे अभ्यर्थियों को सूची तैयार की है, जिन्होंने आनलाइन आवेदन में अपने खाते का गलत विवरण भर दिया है। इन सभी को बीएड आवंटित न हो पाने की वजह से एडमिस जमा किए गए पांच-पांच हजार रुपये वापस होने हैं। शनिवार को विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसकी सूची वेबसाइट पर जारी कर दी। साथ ही इन्हें 20 मार्च तक ई-मेल refundjeebed2021@gmail.com पर विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता चतुर्वेदी ने बताया कि मुख्य काउंसलिंग के सभी चरों चरण में सीट न पाने वाले 319 ऐसे अभ्यर्थी हैं, जिन्होंने खाते का विवरण भरने में गलती की। इस वजह से उनके खाते में शुल्क वापसी नहीं हो पा रही। इन अभ्यर्थियों को अपना या माता-पिता के खाते का विवरण देना होगा।

वे देना है विवरण : अभ्यर्थी को खाता धारक का नाम (अभ्यर्थी स्वयं अथवा उसके माता-पिता), खाता संख्या, आइएफएससी (इंडियन फाइनेंशियल सिस्टम कोड), बैंक का नाम व शाखा का पता ई-मेल पर भेजना होगा। खाते से संबंधित निरस्त चेक अथवा बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की स्पष्ट फोटो, जिसमें यह विवरण अंकित हो, वह भी देना है। इसके अलावा अपने बीएड प्रवेश प्रवेश 2021-23 के प्रवेश पत्र की प्रतिलिपि अनिवार्य रूप से भेजनी होगी। इसके बाद शुल्क वापसी से संबंधी।

बीएड

- संयुक्त प्रवेश परीक्षा की मुख्य काउंसलिंग में इन अभ्यर्थियों को नहीं मिल पाई थी सीट
- लखनऊ विश्वविद्यालय ने 20 मार्च तक मांगा इन अभ्यर्थियों के खाते का पूरा विवरण

छात्रावास में हुई फ्रेशर्स पार्टी व रंगोत्सव

जासं लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रावासों में होली पर अर्धरात्रि को शुरूआत हो चुकी है। निर्वाचित छात्रावास के बाद शनिवार को नवीन परिसर स्थित लावण्या छात्रावास में फ्रेशर्स पार्टी और रंगोत्सव मुहाना से गजब मचा। इस अवसर पर छात्राओं ने फिल्मी और होली गीतों पर जमकर डांस किया।

लावण्या छात्रावास में शनिवार को शाम साढ़े चार बजे से अर्धरात्रि की शुरूआत फ्रेशर्स पार्टी से हुई। उसके बाद रंगोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति की पत्नी संगीता राय भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम की संचालनी लावण्या छात्रावास की प्रोक्टर डा. अनुपमा श्रीवास्तव ने की। होली के उत्सव 'रंगोत्सव' बनी। छात्राओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन, प्रोक्टर डा. अर्चना सिंह, प्रो. आरुषा गुप्ता, प्रो. पंकि त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

छात्रावास विश्वविद्यालय के नवीन परिसर स्थित लावण्या छात्रावास में आयोजित रंगोत्सव पार्टी और रंगोत्सव में छात्राओं ने एक-दूसरे को रंग भी लगाया ● गोविंदा : एआइ

NBT PAGE 8

बीए, बीकॉम, बीएससी की परीक्षाएं 29 से

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी के बीए, बीकॉम और बीएससी के पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 मार्च से शुरू होंगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीए की परीक्षाएं 28 अप्रैल तक चलेंगी। इसी तरह बीकॉम के पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 30 मार्च से 11 अप्रैल तक चलेंगी। बीएससी होमसाइंस के इम्तेहान 29 मार्च से नौ अप्रैल तक संचालित होंगे। बीएससी पहले सेमेस्टर के इम्तेहान 29 मार्च से 21 अप्रैल तक कराए जाएंगे। परीक्षार्थी परीक्षा की तारीखें www.lkouniv.ac.in से जानकारी हासिल कर सकते हैं।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 से

विवि ने जारी किया परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम, नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू होने के बाद पहली सेमेस्टर परीक्षा

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की बीए, बीएससी, बीकॉम की पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 मार्च से शुरू होंगी। विवि प्रशासन ने शनिवार को इनका विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस साल पहली बार रायबरेली, हरदोई, सीतापुर व लखीमपुर खीरी के कॉलेजों की भी पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं यहां से आयोजित की जाएंगी। परीक्षा में लगभग सवा लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। विवि की ओर से स्नातक में नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) लागू होने के बाद पहला एग्जाम होगा।

परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार, बीए पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 मार्च से 28 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षाएं सुबह नौ से 12 बजे के बीच आयोजित होंगी। बीकॉम पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 30 मार्च से 11 अप्रैल तक होंगी। बीएससी पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 मार्च से 21 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी। वहीं, बीएससी होम साइंस पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 मार्च से नौ अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षाएं दोपहर दो से पांच बजे के बीच होंगी।

परीक्षा पैटर्न में कोई बदलाव नहीं

स्नातक में एनईपी लागू होने के बाद यह पहली परीक्षा है। इसे लेकर कुछ अन्य विश्वविद्यालयों ने परीक्षा पैटर्न में बदलाव भी किया है। जिसे लेकर यहां के विद्यार्थियों में भी इसे लेकर उहापोह था। हालांकि परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल परीक्षा पैटर्न में कोई बदलाव नहीं किया गया है। परीक्षा में 10 सवाल पूछे जाएंगे, जिसमें से विद्यार्थियों को पांच सवालों के जवाब देने होंगे।

एलएलबी इंटीग्रेटेड कोर्स में बढ़ेगा नवाचार

लखनऊ। लखनऊ विवि के विधि संकाय में एलएलबी इंटीग्रेटेड प्रोग्राम में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए शनिवार को बैठक की गई। डीन प्रो. सीपी सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में कोरोना में प्रभावित सभी गतिविधियों, विभिन्न कमेटियों को फिर से गतिशील करने व नवाचार लाने पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि छात्र-छात्राओं को गतिविधियों में शामिल कर उनको सामाजिक एवं विधिक पहलुओं की वास्तविक वस्तु स्थिति से अवगत कराया जाए और उनको सक्षम बनाया जाए। (माई सिटी रिपोर्टर)

तकनीकी दक्षता बढ़ाएं शिक्षक

लखनऊ। लखनऊ विवि के मानव विकास संसाधन केंद्र की ओर से आयोजित कार्यशाला में शनिवार को डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन ने शिक्षकों की तकनीकी दक्षता बढ़ाने और नई तकनीक को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने डिजिटल टीचर कॉन्सेप्ट के निर्माण की बात सामने रखी। उन्होंने ई-कंटेंट की गुणवत्ता में सुधार की बात भी सामने रखी। (माई सिटी रिपोर्टर)

फ्रेशर पार्टी व रंगोत्सव में किया धमाल

लखनऊ। लखनऊ विवि के सेकंड कैंपस स्थित लावण्या हॉल छात्रावास में शनिवार को फ्रेशर पार्टी व रंगोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें बीटेक, एमसीए, बीसीए और बीकाम की छात्राओं ने शिरकत की। बीफार्मा की छात्राओं का यह पहला बैच है। रंगोत्सव का आयोजन कैंपस के दोनों गर्ल्स हॉस्टल की ओर से किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति की पत्नी संगीता राय ने छात्राओं को सम्मानित किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 8

स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 मार्च से

एलयू

1.25 लाख छात्र-परीक्षा में होंगे शामिल

■ स्नातक में एनईपी लागू होने के बाद छात्र पहली बार देंगे परीक्षा

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर पर एनईपी 2020 लागू होने के बाद पहले सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की परीक्षा 29 मार्च से शुरू होगी। लखनऊ विश्वविद्यालय समेत लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर, रायबरेली, हरदोई के सम्बद्ध कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए बीए, बीएससी, बीकॉम और बीएचएसी के पहले सेमेस्टर का प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

बीएससी प्रथम सेमेस्टर की सभी परीक्षाएं दोपहर की पाली में 2 से पांच बजे तक 29 अप्रैल से 21 अप्रैल तक होंगी। बीकॉम पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 30 मार्च से शुरू होकर 11 अप्रैल तक होंगी। बीकॉम की परीक्षाएं भी दोपहर की पाली में होंगी। बीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 29 मार्च से शुरू होकर 28 अप्रैल तक होंगी। बीएससी होम साइंस की परीक्षाएं 29 मार्च से 8 अप्रैल तक दोपहर दो पांच बजे की पाली होंगी।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि स्नातक में एनईपी के तहत शामिल हुए छात्रों की ये पहली परीक्षा है। जानकारी के अनुसार लखनऊ और अन्य जनपदों में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कॉलेजों के एक लाख 25 हजार छात्र-छात्राएं इन परीक्षाओं में शामिल होंगे।

किस दिन कौन सी परीक्षा: बीए प्रथम सेमेस्टर

29 मार्च : फ्रेंच, फंक्शनल संस्कृति, उर्दू, संस्कृत, पाली मेजर माइनर (1)
30 मार्च : फ्रेंच, फंक्शनल संस्कृति, उर्दू, संस्कृत, पाली (2),
31 मार्च : इकोनॉमिक्स, ज्योतिर्विज्ञान, लिंग्विस्टिक, पर्शियन मेजर माइनर (1)
1 अप्रैल : इकोनॉमिक्स, ज्योतिर्विज्ञान, लिंग्विस्टिक, पर्शियन (2)
2 अप्रैल : अंग्रेजी, फंक्शनल अंग्रेजी, बुद्धिस्ट मेजर माइनर (1),
4 अप्रैल : अंग्रेजी, फंक्शनल अंग्रेजी, बुद्धिस्ट (2)
5 अप्रैल : जियोग्राफी, होम साइंस, फिजिकल एजुकेशन (1)
6 अप्रैल : जियोग्राफी, होम साइंस, फिजिकल एजुकेशन (2)
7 अप्रैल : सोशल वर्क, सोशियोलॉजी, एंथ्रोपॉलिजी, मेजर माइनर (1) आदि।

बीकॉम प्रथम सेमेस्टर

30 मार्च : फाइनेंशियल एकाउंटिंग 1
1 अप्रैल : बिजनेस ऑर्गेनाइजेशन (2)
4 अप्रैल : माइक्रो इकोनॉमिक्स कॉन्सेप्ट, कन्जमशन एण्ड प्रोडक्शन (3)
6 अप्रैल : करेंसी, बैंकिंग एण्ड एक्सचेंज (4)
8 अप्रैल : एसेंशियल ऑफ मैनेजमेंट (5)
11 अप्रैल : को-करिकुलम, बीएससी होमसाइंस प्रथम सेमेस्टर 29 मार्च से 9 अप्रैल तक।

बीएससी प्रथम सेमेस्टर

29 मार्च : जूलॉजी (1)
31 मार्च : जूलॉजी (2)
2 अप्रैल : केमेस्टर ,स्टेटिक्स
5 अप्रैल : केमेस्ट्री, स्टेटिक्स (2)
7 अप्रैल : फिजिक्स, एंथ्रोपॉलिजी, जेनेटिक्स, जेनोमिक्स (1)
9 अप्रैल : एंथ्रोपॉलिजी जेनेटिक्स एण्ड जेनोमिक्स (2)
12 अप्रैल : जूलॉजी, मैथमेटिक्स (1)
16 अप्रैल : जूलॉजी, मैथमेटिक्स (2) आदि।

नेट, जेआरएफ पास करने वालों का सम्मान

लखनऊ। संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग एलयू में व्याख्यानमाला का समापन हुआ। कामेश्वर नाथ दरभंगा संस्कृत विधि के पूर्व कुलपति प्रो. सर्वनारायण झा और केंद्रीय संस्कृत विधि के प्रो मदन मोहन पाठक ने व्याख्यान दिए। संस्कृत में नेट तथा जेआरएफ उत्तीर्ण करने वाले आठ विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कार्यशाला में एनईपी की खूबियां बताईं गईं

लखनऊ। मानव विकास संसाधन केंद्र की ओर से लखनऊ विश्वविद्यालय में सात दिवसीय एनईपी 2020 विजन टू एक्शन कार्यशाला में एनईपी की खूबियां बतायी गईं। कार्यशाला में संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन ने शिक्षा, शोध, नवाचार एवं रैंकिंग में तकनीक के प्रयोग विषय पर अपनी बात रखी।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 3

लविवि में 29 से शुरू होंगी स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक पहले सेमेस्टर की परीक्षा 29 मार्च से शुरू होगी। लखनऊ विश्वविद्यालय समेत लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर, रायबरेली, हरदोई के सम्बद्ध कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए बीए, बीएससी, बीकॉम और बीएचएसी के पहले सेमेस्टर का प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

बीएससी प्रथम सेमेस्टर की सभी परीक्षाएं 29 मार्च से शुरू होकर 21 अप्रैल तक दोपहर की पाली में दो से पांच बजे तक होंगी। बीकॉम पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 30 मार्च से शुरू होकर 11 अप्रैल तक होंगी। बीकॉम की परीक्षाएं भी दोपहर की पाली में होंगी। बीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 29 मार्च से शुरू होकर 28 अप्रैल तक होंगी। बीएससी होम साइंस की परीक्षाएं 29 मार्च से 8 अप्रैल तक दोपहर दो पांच बजे की पाली होंगी।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि स्नातक में एनईपी के तहत शामिल हुए छात्रों की यह पहली परीक्षा है। जानकारी के अनुसार लखनऊ और अन्य जनपदों में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कॉलेजों के एक लाख 25 हजार छात्र-छात्राएं इन परीक्षाओं में शामिल होंगे।

THE PIONEER PAGE 3

e-rickshaw facility extended to second LU campus

Lucknow (PNS): The e-rickshaw service, aimed at providing free and easy access to commute inside the campus, was flagged off in the second campus of Lucknow University on Saturday. Earlier, this pollution-free service was started with the introduction of five e-vehicles in the main campus on December 30 last year when Vice-Chancellor AK Rai completed two years of his tenure.

Rai initiated this essential service, especially for the physically-challenged students, faculty and staff who had to otherwise walk to different departments and offices. He said that the extension of this service to the second campus was always in the pipeline as there are several institutes and offices. The service is also aimed at retaining the 'green campus' status. The facility will also ensure the safety and security of the campus as vehicles will soon have a parking area.

The service will be managed by the office of DSW Poonam Tandon, who said she feels satisfied to see the rickshaws functional.

FIRST INDIA PAGE 13

VISION TO ACTION

During the workshop

CITY FIRST

A seven-day workshop Vision to Action was commenced on Tuesday at the University of Lucknow. The topic for the workshop was Use of Technology in Education, Research, Innovation and Ranking' and its related provisions in the NEP 2020. The event was coordinated by Prof Keya Pandey and Prof Kamal Kumar, Prof Posonam Tandon.

The illustrious speaker, Poonam Tandon began her lecture by stating various concepts related to technology, elucidated in NEP 2020s guiding ideals and philosophies. These included visualization tools for improved teaching, creation of "systematic and high-quality" e-content which could prove to be a complete substitute for classroom teaching, e-skilling of students and teachers alike, creation of a 'digital teacher', virtual laboratories for experiments, individual learning management system for the collection and evaluation of student performance using statistical and scientific means, and continuous evaluation through semester system & assignment system.

Tandon brainstormed solutions for the existing problems troubling India's education system. She called for innovation, in technological, research, and societal fields, renewed re-hiring of retired teachers as visiting faculty, petitions to the government for improvement in the digital infrastructure, increase in student-centric activities, mentor-mentee system, UG-PG mentorship system, happiness labs for mental health, in-house internships, hybrid model, joint programs and collaborations both international and national, vocational training, and inclusivity and diversity in the student force. Her speech was interactive and discussion-oriented. The participants shared their views and discussed how to solve the problems in today's education system properly.

cityfirst@firstindia.co.in

AMRIT VICHAR PAGE 3

लविवि स्नातक प्रथम सेमेस्टर परीक्षा 29 से

- परीक्षा विभाग ने बीए, बीकॉम, बीएससी और बीएससी होमसाइंस का जारी किया कार्यक्रम

अमृत विचार, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक कोर्सों के पहले सेमेस्टर की परीक्षा 29 मार्च से शुरू होगी। परीक्षा दो पॉलियों में होगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने बीए सहित स्नातक के 4 विषयों की परीक्षा का कार्यक्रम शनिवार को जारी कर दिया है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक, पहले सेमेस्टर की परीक्षा में करीब 1 लाख 50 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी के अनुसार, बीए पहले सेमेस्टर की परीक्षा 29 मार्च से शुरू होगी। पूरी परीक्षा एक माह तक चलेगी। परीक्षा 28 अप्रैल को समाप्त होगी। बीए की परीक्षा पहली पॉली सुबह 9 से 12 बजे तक सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान गैप नहीं दिया गया है। बीकॉम पहले सेमेस्टर की परीक्षा तीन मार्च से 11 अप्रैल के बीच आयोजित की जाएगी। बीकॉम की परीक्षा 6 दिन में समाप्त होगी। इसकी परीक्षा दूसरी पॉली में दोपहर 2 से 5 बजे के बीच होगी। साथ ही बीएससी पहले सेमेस्टर की परीक्षा भी 29 मार्च से शुरू होकर 21 अप्रैल तक चलेगी। बीएससी की 10 दिन तक चलने वाली परीक्षा दूसरी पॉली 2 से 5 बजे के बीच होगी। इसके अलावा बीएससी होमसाइंस पहले सेमेस्टर की परीक्षा 29 मार्च से प्रारम्भ होगी और 9 अप्रैल तक चलेगी। कुछ 6 दिन में परीक्षा पूरी होगी। यह परीक्षा भी दोपहर 2 बजे से 5 बजे के बीच होगी।

विवि के इतिहास में पहली बार डेढ़ लाख विद्यार्थी देंगे परीक्षा

लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक, लखनऊ सहित 4 नए जिलों के करीब 500 डिग्री कॉलेज के करीब 1.50 लाख विद्यार्थी भी पहले सेमेस्टर की परीक्षा देंगे। विश्वविद्यालय के इतिहास में ऐसा पहली बार होगा। गौरतलब है कि शासन ने वर्तमान शैक्षिक सत्र से सीतापुर, लखीमपुर, हरदोई व रायबरेली जिले के करीब 300 डिग्री कॉलेजों को लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। इन नए जिलों के विद्यार्थियों की पहली बार लविवि परीक्षा कराने जा रहा है।

सीट न पाने वाले छात्रों का वापस होगा पैसा

अमृत विचार, लखनऊ

बीएड प्रवेश मामला

उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021-23 की मुख्य काउंसिलिंग में जिन अभ्यर्थियों को सीट नहीं मिली थी उन्हें उनका शुल्क वापस किया जाएगा। इस संबंध में सभी अभ्यर्थियों से विश्वविद्यालय प्रशासन ने ब्योरा मांगा है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कुछ अभ्यर्थियों को किन्हीं कारणों से किसी महाविद्यालय में सीट आवंटित नहीं हो पाई थी। ऐसे अभ्यर्थियों को उनके द्वारा जमा किया गया अग्रिम शुल्क 5000 रुपये उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के बैंक खाते में वापस किए जाने का प्रावधान है। इन अभ्यर्थियों में से 319 ऐसे अभ्यर्थी हैं जिनसे, बीएड 2021-23 के ऑनलाइन आवेदन पत्र में उनका बैंक खाता विवरण भरने में त्रुटि हो गई है। फलस्वरुप इनके बैंक खातों में अग्रिम शुल्क 5000 रुपये की राशि वापस नहीं की जा सकी है। ऐसे अभ्यर्थियों की सूची लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि छात्रों को खाता धारक का नाम (अभ्यर्थी स्वयं अथवा उसके माता-पिता) खाता संख्या, आईएफएससी कोड और बैंक का नाम व शाखा का पता देना होगा।

इस तरह होगा भेजना: स्पष्ट रूप से ईमेल पर पूरा ब्योरा देना होगा। खाते से संबंधित निरस्त चेक अथवा बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की की स्पष्ट फोटो जिसमें विवरण स्पष्ट रूप से अंकित हो तथा अपने उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021-23 के प्रवेश पत्र की प्रतिलिपि अनिवार्य रूप से देना होगा। सारी जानकारी 20 मार्च देनी होगी।

SWATANTRA BHARAT PAGE 3

संस्कृत में नेट और जेआरएफ में चयनित छात्रों का सम्मान

स्वतंत्रभारत संवाददाता, लखनऊ। संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय मे दो दिवसीय व्याख्यानमाला का समापन शनिवार को हुआ। कामेश्वर नाथ दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. सर्वनारायण झा और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो मदन मोहन पाठक ने व्याख्यान दिए। प्रो . सर्वनारायण झा श्ने कौशल विकास के पारिभाषिक अर्थ की व्याख्या करके कर्म के माध्यम से अपनी गुणवत्ता का विकास कर सफलता के रहस्य को समझाया। उनके अनुसार ज्योतिष के साथ-साथ कल्प, वेदांग में निरूपित कर्मकांड के विविध सिद्धांतों में समाज की जीविका के उपाय के रूप में बहुत से क्रियाकलाप वर्णित हैं। जिनका प्रयोग करके आज भी समाज में अनेक वर्गों के व्यक्तियों द्वारा अपनी जीविका का उपार्जन किया जाता है। डॉ ऋतु सिंह ने भारतीय कला कौशल पर आधारित विभिन्न कलाओं के माध्यम से कौशल विकास के पक्ष को मजबूत करके उद्योग की संभावनाओं पर विचार किया। इस मौके पर संस्कृत में नेट तथा जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले आठ विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

संस्कृत में नेट व जेआरएफ में चयनित विद्यार्थी सम्मानित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग में आयोजित दो दिवसीय व्याख्यानमाला का समापन शनिवार को हुआ। इस दौरान संस्कृत में नेट तथा जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले आठ विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कामेश्वर नाथ दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. सर्वनारायण झा और केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मदन मोहन पाठक ने व्याख्यान दिए। प्रो. सर्वनारायण झा ने कौशल विकास के पारिभाषिक अर्थ की व्याख्या